## *प्रेस नोट*

## *दिनांक 09.07.2024*

## *वृक्षारोपण जन अभियान*

आज दिनांक 09.07.2024 को उ0प्र0 शासन द्वारा चलाए जा रहे वृहद वृक्षारोपण जन अभियान "एक पेड माँ के नाम" के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन्स परिसर हमीरपुर मे अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महोदया द्वारा बताया गया कि वृक्ष प्रकृति की रक्षा के लिए बहुत आवश्यक हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते हैं। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने चाहिए एवं वृक्षारोपण कर व बारिश के पानी को संरक्षित करके हम पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहयोग कर सकते हैं। सभी अपने आस-पास अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जिससे कि पर्यावरण का संरक्षण हो सके, तभी पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर रखने के लिए ज़्यादा से ज़्यादा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया तथा वृक्षारोपण कर जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण के इस महाअभियान को सफल बनाने की अपील की गयी।

वृक्षारोपण कर पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा जनपद के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैलाएं, इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों, और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर भी काम करें। वृक्षारोपण अभियानों का आयोजन करना और लोगों को इसके लाभों के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि मानव जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। वृक्षारोपण एक ऐसा कार्य है जिसे हम सभी मिलकर कर सकते हैं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स जनपद हमीरपुर व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।